नहरबंदी की स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसानों में आक्रोश

- फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए जनवरी में गंगनहर में प्रस्तावित बंदी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसानों में आक्रोश
- किसानों को जनवरी व फरवरी माह में रबी फसलों के पकाव के लिए सिंचाई पानी की आवश्यकता रहती है, ऐसे में सिंचाई पानी मिलेगा या नहीं इसको लेकर किसान चिंतित है

श्रीगंगानगर, (कासं)। फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण के लिए जनवरी में गंगनहर में प्रस्तावित बंदी को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं होने से किसानों में आक्रोश है। असमंजस दूर करने की मांग को लेकर संयुक्त किसान मोर्चा के किसान संगठनों से जुड़े किसानों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान किसान नेताओं ने कहा कि जनवरी में नहरबंदी को लेकर सरकार एवं विभाग स्थिति स्पष्ट करे। साधुवाली गाजर मंडी की समस्याओं का समाधान भी किया जाए। कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में किसान नेताओं ने बताया कि फिरोजपुर फीडर के पुनर्निर्माण को लेकर जनवरी में नहरबंदी प्रस्तावित है। लेकिन सरकार ने अब तक स्थिति स्पष्ट नहीं की है कि नहरबंदी ली जायेगी या नहीं।

किसानों को जनवरी व फरवरी माह में रबी फसलों के पकाव के लिए सिंचाई पानी की आवश्यकता रहती है। ऐसे में सिंचाई पानी मिलेगा या नहीं इसको लेकर किसान चिंतित है। किसान नेताओं ने कहा कि बीकानेर कैनाल को नहरबंदी के दौरान पानी देने की वैकल्पिक व्यवस्था व बंदी को लेकर किसानों से सरकार कोई बात नहीं कर रही है। किसान नेता दिलबाग सिंह संधू ने कहा कि जनवरी की बजाय मार्च में बंदी ली जाए ताकि किसानों को गेहूं एवं सरसों पकाव में किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े।

उन्होंने फिरोजपुर फीडर के निर्माण के दौरान गंगनहर में सिंचाई एवं पेयजल के लिए वैकल्पिक प्रबंध करने की भी मांग की। इस मौके पर गाजर उत्पादक संघ के अध्यक्ष अमरसिंह बिश्नोई ने कहा कि साधुवाली में गाजर मंडी निर्माण कार्य किया जा रहा है। यहां गड्ढे खोदे जा रहे हैं। इससे किसान गाजर धुलाई के लिए पर्याप्त मशीनें भी नहीं लगा पा रहे हैं। इससे गाजर उत्पादकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। यही स्थिति रही तो गाजर धोने के लिए किसानों की 500 मशीनों की बजाय 60 ही लग पायेंगी।

प्रशासन गाजर उत्पादकों से बातचीत कर इस समस्या का प्राथमिकता से समाधान करें ताकि किसानों को परेशानी नहीं झेलनी पड़े। कलेक्ट्रेट पर धरना-प्रदर्शन में मौके पर गंगनहर प्रोजेक्ट चेयरमैन हरविंद्र सिंह गिल वीरेंद्र सिद्धू, अभय सिंह चहल, हर्षपिंदर सिद्धू, सोनू तूर, सुखवीर सिंह फौजी, रविंद्र तरखान कुलविंदर सिंह, मनप्रीत सोही, सतविंदर पप्पू, निशान मान, बब्बू हरनौली, जगमीत सिंह बराड़, सुखमन सिंह, फतेहमान कंग, ओंकार वहला, संदीप सिंह, बब्बू सेखों, अमर सिंह बिश्नोई, बॉबी प्रधान, पाल सिंह संधू, यादविन्द्र ढिल्लो सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

नवगठित ग्राम पंचायत 14 एडी में विधायक का स्वागत

पूंगल, (कासं)। पूगल पंचायत समिति के अंतर्गत नवगठित ग्राम पंचायत 14 एडी में शनिवार को स्थानीय विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल का स्वागत समारोह आयोजित किया गया। ग्रामीणों ने देवल माता मंदिर प्रांगण में डॉ. मेघवाल का साफा पहनाकर और माल्यार्पण कर सम्मान किया। यह स्वागत ग्राम 14 एडी को नई ग्राम पंचायत बनाने पर किया गया।

इस अवसर पर भाजपा नेता सवाई सिंह तंवर और पूर्व मंडल अध्यक्ष काशीराम जाखड़ का भी स्वागत किया गया। कार्यक्रम में भाजपा मंडल अध्यक्ष डूंगर राम सैन, पूगल ग्राम पंचायत के प्रशासक सिद्धार्थ सिंह भाटी, विकास अधिकारी गोपाराम, थानाधिकारी समरवीर सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। इनमें मनीराम ज्याणी, चंदन सिंह भाटी, देवीलाल मेघवाल, सुरेश सुथार, नखत सिंह सोढ़ा, तेजमाल सिंह भांडेवाली, शैतान सिंह सोढ़ा, चीमा राम सुथार, विक्रम सिंह सोढ़ा, हुक्मदान गेमरदान, शंकर सिंह, सरदार सिंह, सवाई राम, गंग सिंह, तीर्थ सिंह सोढ़ा, प्रभू सिंह भाटी, अर्जुनसिंह, अशोक सुथार, शंकर नायक, मनूराम मेघवाल, समेला राम, गेमरा राम सुथार, शंकर बोथिया, दुलीचंद और आईदान सिंह प्रमुख थे।

1.90 करोड़ की राशि नियम ताक पर रख चहेती 10 पंचायतों को दिया

श्रीगंगानगर, (कासं)। अनूपगढ़ पंचायत समिति में प्रधान व तत्कालीन विकास अधिकारी की ओर से वर्ष 2024-025 में मिली करीब 1.90 करोड़ रूपए की राशि नियम ताक पर रख चहेती 10 पंचायतों को दे दी। यह राशि पंचायतों में स्वच्छता, पेयजल, निर्माण व अन्य विकास कार्यों के लिए समान रूप से दी जानी थी। हैरानी की बात यह है कि पंचायत समिति स्तर पर पंचायतों में विकास कार्य करवाने के लिए साधारण सभा में विकास कार्यों के प्लान का अनुमोदन तो दूर वार्षिक प्लान तैयार कर ऑनलाइन ही नहीं किया गया।

पंचायतों में पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता व अन्य विकास कार्य करवाने के लिए मिले इस बजट में भी करीब 80 प्रतिशत राशि निर्माण कार्यों पर खर्च की गई है। अनूपगढ़ पंचायत समिति क्षेत्र में पंचायतों के परिसीमन से पूर्व 32 पंचायतें थी। वर्ष 2024-025 में पंचायत समिति को पंचायतों में स्वच्छता, पेयजल, निर्माण व अन्य कार्य करवाने के लिए राज्य वित्त आयोग षष्टम व पन्द्रहवें वित्त आयोग पंचायत समिति मद से मिली राशि से गाइड लाइन के विपरीत नियमों को ताक पर रखकर स्वीकृतियां जारी की गई। पंचायत समिति की ओर एसएफसी से 1.10 करोड़ रूपए के 12 व एफएफसी से 78.85 लाख रूपए के 9 कार्यों की स्वीकृतियां जारी की गई।

इसमें ज्यादातर कार्य खड़वंजा व इंटरलॉकिंग के हैं। जबकि दोनों योजनाओं में मिलने वाली कुल राशि से सभी पंचायतों में समान रूप से कार्य स्वीकृत किए जाने थे और कुल राशि में से 60 प्रतिशत राशि से पेयजल व स्वच्छता से संबंधित कार्य होने चाहिए थे। ग्राम पंचायत आठ केबी में इंटरलॉकिंग कुंभाराम के घर से सोसायटी की ओर 997800 रूपए, इंटरलॉकिंग मय नाली मोहनलाल बावरी के घर से कालू सिंह के घर की ओर 9997800 रूपए, ग्राम पंचायत 4 एसकेएम में स्कूल में कबड्डी मेट व ओपन जिम 799416 रूपए, ग्राम पंचायत 9 एलएम बी में इंटरलॉकिंग मय नाली निर्माण कृष्णलाल के घर से ओमप्रकाश के घर की ओर शामिल है

अशोक यादव, तत्कालीन विकास अधिकारी पंचायत समिति अनूपगढ़ का कहना है कि एफएफसी व एसएफसी से विकास कार्य स्वीकृत पंचायत समिति की स्टेंडिंग कमेटी व साधारण सभा ने किए हैं। गाइडलाइन की पालना करना पंचायत समिति के लेखाधिकारी का काम है।

सार-समाचार

डॉ राजेन्द्र बाबू ने पदभार संभाला

बीकानेर, (कासं)। स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के नवनियुक्त कुलगुरू प्रोफेसर डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे ने शनिवार को विश्वविद्यालय के 27 वें कुलगुरू के रूप में पदभार ग्रहण किया। कार्यवाहक कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग ने उन्हें विश्वविद्यालय कुलगुरू का पदभार सौंपा। इस अवसर पर अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नवनियुक्त कुलगुरू का अभिनंदन किया गया। विश्वविद्यालय के कार्मिकों के साथ चर्चा करते हुए नवनियुक्त कुलगुरू डॉ दुबे ने कहा कि प्रदेश के प्रथम कृषि विश्वविद्यालय को अग्रिम विश्वविद्यालयों की पंक्ति में लाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। वे इस विश्वविद्यालय से गत 38 वर्षों से जुड़े हैं और एक टीम के रूप में कार्य करते हुए विश्वविद्यालय बेहतरीन संसाधन जुटाते हुए उपलब्ध संसाधनों का कुशलतम उपयोग और प्रबंधन कर कृषि तथा किसानों को लाभान्वित किया जायेगा। विश्वविद्यालय की समस्याओं का निस्तारण करना उनकी प्राथमिकताओं में शामिल है। राजस्व सृजन की दिशा में भी रणनीतिक रूप से काम किया जायेगा। बीकानेर तकनीक विश्वविद्यालय के कुलगुरू डॉ अखिल रंजन गर्ग ने कहा कि यह विश्वविद्यालय के भविष्य के लिए यह एक अहम दिन है। एसकेआरएयू कृषि अनुसंधान और किसानों के हित में सतत् कार्यरत है। नवनियुक्त कुलगुरू डॉ राजेन्द्र बाबू दुबे के नेतृत्व में विश्वविद्यालय को नई ऊंचाई मिलेगी। उन्होंने कृषि क्षेत्र में एआई तथा डेटा साइंस का उपयोग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इस दिशा में बेहतर परिणाम के लिए बीटीयू और एसकेआरएयू साथ मिलकर काम करेंगे। गर्ग ने सहयोग के लिए स्टाफ का आभार व्यक्त किया। कुलसचिव डॉ देवाराम सैनी ने कहा कि विश्वविद्यालय को डॉ दुबे के अनुभव का लाभ मिलेगा। सरकार और शासन की कड़ी के रूप में काम करते हुए डॉ दुबे विश्वविद्यालय को नई उपलब्धियां दिलवायेंगे। अनुसंधान निदेशक डॉ विजय प्रकाश प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ दीपाली धवन ने विश्वविद्यालय और केवीके की गतिविधियों से परिचित करवाया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के डीन डायरेक्टर्स सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

आंगनबाड़ी केन्द्रों में स्वेटर बांटे

देशनोक, (कासं)। रामप्रताप हनुमानदास मूंधड़ा चैरिटेबल ट्रस्ट ने शनिवार को देशनोक क्षेत्र की 19 आंगनबाडी केन्द्रों पर 340 स्वेटर वितरित किए। यह कार्यक्रम शीत ऋतु में बच्चों को ठंड से बचाने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। स्वेटर वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ नेहरू बस्ती स्थित आंगनबाडी केन्द्र से हुआ। नगर पालिका अध्यक्ष और ट्रस्ट के ट्रस्टी सीए ओमप्रकाश मूंधड़ा की उपस्थिति में वितरण कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पार्षद गजानंद स्वामी, स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि मगनाराम नायक, चोखाराम नायक, ताराचंद दर्जी और अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद थे कार्यक्रम का संचालन आंगनबाडी सुपरवाइजर हेमलता चारण की देखरेख में किया गया। वितरण कार्य में पंकज जोशी, राजूराम लोहार, रिखचंद मेघवाल और आंगनबाडी कार्यकर्ताओं ने सहयोग दिया। ट्रस्ट ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से पहले ही पंजीकृत बच्चों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आग्रह किया था ताकि कोई भी पात्र बच्चा स्वेटर वितरण से वंचित न रहे।

हिस्ट्रीशीटर अल्ताफ भुट्टा गिरफ्तार

बीकानेर, (कासं)। सदर थाना पुलिस ने डीएसटी के सहयोग से 10 हजार रूपए के इनामी हिस्ट्रीशीटर अल्ताफ भुट्टा को गिरफ्तार किया। उससे हॉकीबट राइफल बरामद की गई है। डीएसटी को इत्तला मिली थी कि अल्ताफ के पास अवैध हथियार हैं और वह पुलिस का वांछित अपराधी है। सदर थाना पुलिस और डीएसटी ने अल्ताफ को गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से हॉकी बट राइफल बरामद की गई है। उसे पकड़ने वाली टीम में डीएसटी प्रभारी विश्वजीत सिंह, एएसआई दीपक यादव, सदर एसएचओ सुरेन्द्र पचार शामिल थे। एसएचओ ने बताया कि अल्ताफ को कोर्ट में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया गया है। उससे अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के बारे में पता लगाया जायेगा। कोटगेट और व्यास कॉलोनी थाना पुलिस को भी अल्ताफ की तलाश थी। दोनों थानों की पुलिस उसे गिरफ्तार करेगी। अल्ताफ के खिलाफ 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं। उसने दिल्ली जयपुर, अजमेर, नागौर में फरारी काटी।

सेना के जवानों ने किसान को पीटा

बीकानेर, (कासं)। सेना के जवानों ने एक किसान की पिटाई कर दी। किसान का फायरिंग रेंज के पास ही खेत है। रात को वहां से गुजरते समय सेना के जवानों को किसान संदिग्ध लगा, जिसके बाद उसकी पिटाई कर दी। पीड़ित किसान ने महाजन पुलिस थाने में शिकायत दी है।

किसान राजाराम ने बताया कि उसके साथ सेना के जवानों ने मारपीट की। राजाराम रात अपने खेत को संभालने गया था। इस दौरान उसके साथ एक साथी भी था। आरोप है कि इसी दौरान सेना के जवानों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट शुरू कर दी। राजाराम के साथ चल रहा एक अन्य युवक तो वहां से भाग गया लेकिन राजाराम को जवानों ने पकड़ लिया और उसकी पिटाई कर दी।

पीड़ित का कहना है कि 10 से 15 जवानों ने उसकी पिटाई की। इससे उसके सिर में चोट आई और कान के पास खून बहने लगा। सुबह उसने इस बारे में महाजन पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। आरोप है कि सैनिकों के खिलाफ महाजन थाने में दिए परिवाद में कई गंभीर आरोप लगाये हैं। बाद में किसान को बीकानेर भेज दिया गया जहां उसका मेडिकल मुआयना करवाया गया है। मामले में महाजन थानाधिकारी भजनलाल ने किसी भी तरह का परिवाद मिलने से इनकार किया है। हालांकि एएसपी ग्रामीण बनवारी ने बताया कि परिवाद मिला है और मामले की जांच की जा रही है।

कुत्तों ने हिरण को किया घायल

कक्कू, यहा केड़ली गांव में शनिवार सुबह आवारा कुत्तों के हमले से एक हिरण गंभीर रूप से घायल हो गया।

- ग्रामीणों और छात्रों की मदद से वन विभाग ने किया रेस्क्यू

ग्रामीणों मनोज, मुलाराम और रामनारायण ने तत्परता दिखाते हुए हिरण को कुत्तों के चंगुल से छुड़ाया। उन्होंने तत्काल वन्यजीव प्रेमी बजरंग चिताणा को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने पर मदन बेनीवाल मौके पर पहुंचे और हिरण का प्राथमिक उपचार किया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल हिरण को सुरक्षित रूप से वन विभाग की नोखा टीम को सौंप दिया गया। वन विभाग अब हिरण का आगे का उपचार और संरक्षण सुनिश्चित करेगा। इस बचाव कार्य में अरविंद सहित एक निजी विद्यालय के छात्रों, अध्यापकों और अन्य ग्रामीणों ने भी महत्वपूर्ण सहयोग दिया।

ठाकुरजी मंदिर से निकली शोभायात्रा

जसरासर, (कासं)। काकड़ा कस्बे के बस स्टैंड स्थित ठाकुरजी मंदिर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को श्रद्धा और भक्ति भाव के साथ समापन हुआ। कथा की पूर्णाहुति के अवसर पर शाम को एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कथा के अंतिम दिन शनिवार को कथा वाचिका प्रीति बाईसा पारिक सड़ू ने राजा परीक्षित के मोक्ष की कथा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि श्रीमद्भागवत कथा मोक्ष का द्वार है, जिसके श्रवण और स्मरण से मनुष्य अपने जीवन को सुधार सकता है। प्रीति बाइसा ने अपने प्रवचन में कहा कि हमें चंद्रमा के समान शीतल रहना चाहिए और अपनी वाणी पर संयम रखना चाहिए। उन्होंने माता-पिता, गौ सेवा और जरूरतमंदों की मदद करने तथा जीवन में सद्कर्म करने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी बताया कि गुरू का दर्जा भगवान से बड़ा है। ौर गुरु के बिना जीवन अधूरा है।श्रीमद् भागवत कथा को सभी पापों का नाश करने वाली बताया गया। रविवार को कथा स्थल प्रांगण में हवन का कार्यक्रम आयोजित होगा। कथा के सफल आयोजन में मांगदास, राम रतन पारीक, नंदकिशोर, घनश्याम पुरोहित, देवा महाराज, नारायण, हरि ओम, मांगीलाल, पूनम चंद लटियाल, सुभाष लटियाल सहित सर्व समाज के अनेक कार्यकर्ताओं ने व्यवस्था में सहयोग दिया।

लालगढ़ आरओबी बजट के अभाव में अब फरवरी तक बनेगा

- लालगढ़ आरओबी की दिसम्बर में उद्घाटन की तैयारी थी
- 2017 से बन रहा लालगढ़ आरओबी पूरा होने के कगार पर आया तो अब बजट मिलना ही बंद हो गया

बीकानेर,(कासं)। मौजूदा सरकार में बीकानेर के हर प्रोजेक्ट में कोई न कोई रोड़ा अटक ही जाता है। शहरी क्षेत्र का एक भी प्रोजेक्ट ऐसा नहीं जो आसानी से हो जाए। 2017 से बन रहा लालगढ़ आरओबी जब पूरा होने के कगार पर आया तो अब बजट मिलना ही बंद हो गया। इस आरओबी का उद्घाटन दिसम्बर में कराने की योजना सितम्बर में बनी थी मगर अब तो वो फरवरी तक पूरा हो जाए तो ही गनीमत है।

यूं लगता है जैसे जयपुर में बैठे अधिकारियों को बीकानेर के हर प्रोजेक्ट को अटकाने का टास्क मिला है। हैरानी इस बात की है कि 15 दिन पहले खुद कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने आरएसआरडीसी के अधिकारियों से कहकर 5 करोड़ रूपए मंजूर करा दिए थे। उसके बाद भी मंजूर की हुई राशि अब तक आरएसआरडीसी को नहीं मिली। यहां के कलेक्टर की पैरवी के बाद भी जयपुर से काम रूकवाए जा रहे हैं। इस कारण सिर्फ रेलवे के पैसे के दम पर काम आगे बढ़ रहा है।

आरएसआरडीसी जैसे-तैसे ठेकेदार को पटाकर काम करा रहा है वरना पैसे के अभाव में ठेकेदार काम छोड़कर जा सकता है। ये अकेला आरओबी नहीं है। खुद मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जो 42 करोड़ रूपए पवनपुरी के लिए मंजूर किए। उसकी डीपीआर में 15 करोड़ रूपए और चाहिए। जिसकी फाइल सरकार के पास दो महीने से विचाराधीन है मगर उस पर भी कोई फैसला नहीं हुआ।

लालगढ़ आरओबी का 37 करोड़ का टेंडर हुआ है। इसमें 50 प्रतिशत रेलवे का और इतना ही सरकार का। रेलवे ने अपनी पहली किश्त 2 करोड़ दे दी। दूसरी किश्त भी जल्दी आने वाली है। मगर सरकार की ओर से एक रूपया अब तक नहीं मिला। सिर्फ आरओबी की नहीं साइड लेन की भी सड़कें और मरम्मत का काम होना है। इसलिए सरकार की ओर से अगर पैसा नहीं मिला तो प्रोजेक्ट पूरा नहीं होगा।

अगर गौर करें तो उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी के विभाग से अगर कोई फाइल बीकानेर की है तो वो आसानी से पास नहीं होती। बीकानेर के एक विधायक दीया कुमारी के करीबी माने जा रहे हैं मगर वे सिर्फ अपनी विधानसभा तक ही सीमित हैं।

दिसम्बर के अंत में भी सर्दी का असर नहीं, गर्मी का अहसास

बीकानेर, (कासं)। दिसम्बर महीने के बावजूद मौसम का मिजाज बदला हुआ नजर आ रहा है। आमतौर पर इस समय जहां कड़ाके की सर्दी शुरू हो जाती है। वहीं इस बार दोपहर में तेज गर्मी का अहसास हो रहा है। अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है, जिससे लोग दिन के समय गर्मी से परेशान हो रहे हैं।

हालांकि शुक्रवार की रात को बीकानेर में आम दिनों की तुलना में हवा में ज्यादा ठंडक महसूस की गई लेकिन सर्दी अभी भी पूरी तरह असर नहीं दिखा पा रही है। गुरूवार रात न्यूनतम तापमान 11 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, जो शुक्रवार की रात को कुछ कम जरूर हुआ लेकिन फिर भी सामान्य से अधिक बना हुआ है। दिन के समय तापमान बढ़ने से लोगों को गर्म कपड़े उतारने पड़ रहे हैं। दोपहर में धूप इतनी तेज हो रही है कि लोग हल्के कपड़ों में नजर आ रहे हैं। हालात यह है कि कई लोग कार में एसी तक चलाने को मजबूर हो रहे हैं, जो दिसम्बर के महीने में असामान्य माना जाता है। मौसम विभाग के अनुसार इस बार दिसम्बर में तापमान सामान्य से अधिक बना हुआ है। यही कारण है कि सर्दी की तीव्रता कम है और दिन के समय गर्मी का अहसास हो रहा है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ के कमजोर रहने और हवाओं की रफ्तार कम होने के कारण तापमान में गिरावट नहीं हो पा रही है।

बीकानेर शहर और ग्रामीण इलाकों के तापमान में साफ अंतर देखा जा रहा है। शहर में जहां न्यूनतम तापमान डबल डिजिट में दर्ज हो रहा है। वहीं गांवों में यह 5 से 6 डिग्री सेल्सियस तक गिर रहा है। मौसम विभाग के लूणकरनसर केन्द्र पर न्यूनतम तापमान शहर की तुलना में 3 से 4 डिग्री सेल्सियस कम दर्ज किया जा रहा है। श्रीडूंगरगढ़, नोखा, कोलायत सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में रात की सर्दी ज्यादा असर दिखा रही है। वहीं दिन के तापमान में भी शहर और गांवों के बीच अंतर बना हुआ है।

नरेगा में कार का नियम विरूद्ध भुगतान उठाने पर जांच कमेटी गठित

श्रीगंगानगर, (कासं)। अनूपगढ़ पंचायत समिति प्रधान व तत्कालीन विकास अधिकारी ने मनरेगा में अनुबंधित वाहन होने के बावजूद एक अतिरिक्त कार का इसी योजना के तहत अनुबंध कर नियम विरूद्ध पंचायत समिति की प्रशासनिक मद से 1,99,500 रूपए का भुगतान उठाने के मामले में तीन सदस्यीय कमेटी जांच करेगी।

जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है। जिला परिषद के सीईओ आईएएस गिरधर बेनीवाल ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए विस्तृत जांच के लिए जिला परिषद के परियोजना अधिकारी लेखा विनीत कुमार के नेतृत्व में तीन सदस्यीय कमेटी गठित की है। इस कमेटी में अतिरिक्त विकास अधिकारी व कनिष्ठ लेखाकार निरंजन कुमार को शामिल किया गया है। मनरेगा योजना में एक गाड़ी का अनुबंध पंचायत समिति में होने के बावजूद नियम विरूद्ध एक अतिरिक्त कार का अनुबंध किया गया था। इस गाड़ी पर प्रधान पंचायत समिति अनूपगढ़ की प्लेट लगाकर प्रधान की ओर से उपयोग में लिया जा रहा है।

विभागीय नियमानुसार पंचायत समिति प्रधान को माह में 10 दिन पंचायतों के टूर के लिए सरकारी वाहन के उपयोग का प्रावधान है। इसके बावजूद पूर्व में नियम विरूद्ध इस गाड़ी का भुगतान भी प्रशासनिक मद से किया गया। अब जांच मं इस भ्रष्टाचार का खुलासा हो सकेगा तथा दोषियों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी हो सकेगी।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक :- नियमन/2025/5035 दिनांक :- 18.12.2025

सार्वजनिक आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर द्वारा चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं. 46 किला नं. 04 में माप (14.75+16)/2 इन्द्र 48 फीट का आवासीय पट्टा संख्या 1840 दिनांक 04.05.2002 को श्री मुकन्दलाल पुत्र श्री तीताराम के नाम से जारी है एवं चक 1 ए छोटी मुरब्बा नं0 46 किला नं. 04 में माप 24 इन्द्र 16 फीट पट्टा संख्या 5654 दिनांक 13.02.2017 को पट्टा श्री पिन्टू अग्रवाल व श्री कृष्ण अग्रवाल पिसरान श्री प्रेम प्रकाश अग्रवाल के नाम से जारी है। आवेदक श्री पिन्टू अग्रवाल पुत्र श्री प्रेम प्रकाश अग्रवाल द्वारा उक्त भूखण्डों का उपविभाजन / पुनगर्ठन उपरान्त माप 24 इन्द्र 32 फीट का नया फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया है। अतः उक्त के सम्बन्ध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 (नियमन शाखा) में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस सम्बन्ध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर

राजस्थान सरकार, कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक : नियमन/2025/ **सार्वजनिक आपत्ति सूचना** दिनांक : 16-12-2025

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि कृषि भूमि क्षेत्रों में कृषि से अकृषि प्रयोजनार्थ रूपान्तरित योजना में नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर चक 7 ई छोटी मुरब्बा नं. 27 के किला नं. 16, 17, 24, 25 में माप 30 इन्द्र 60 फीट भूखण्ड संख्या के- 15, सिद्धि-सिद्धि एन्कलेव, श्रीगंगानगर का पट्टा संख्या 4611 दिनांक 30.06.2007 को श्रीमती अंजू जैन पत्नी श्री आलोक जैन के नाम से जारी किया हुआ है। जो कि नामान्तरण उपरांत **श्रीमती सरोज देवी पत्नी श्री नरेश कुमार निवासी वार्ड नं. 2, गजसिंहपुर, श्रीगंगानगर** के नाम से रिकार्ड में दर्ज है। श्रीमती सरोज देवी द्वारा नामान्तरण की प्रति, पंजीकृत बेचनामा की प्रति, अपने स्वामित्व के दस्तावेज एवं शपथ पत्र प्रस्तुत कर न्यास कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी पट्टा एवं अन्य दस्तावेजों का समर्पण कर उक्त भूखण्ड का फ्री होल्ड पट्टा जारी करने हेतु आवेदन किया है। अतः उक्त के संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति मय सबूत छाया दिनांक से 7 दिवस के अन्दर-अन्दर न्यास कार्यालय के कमरा नं. 17 में प्रस्तुत करें, अन्यथा बाद मियाद गुजरने अवधि के उपरान्त आवेदकों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों एवं शपथ पत्र के आधार पर राजस्थान नगरीय क्षेत्र (कृषि भूमि का गैर कृषि प्रयोजन के लिए उपयोग की अनुज्ञा एवं आवंटन) नियम 2012 के नियम 20, 25 एवं 27 की अनुपालना में कार्यवाही करते हुए फ्री होल्ड पटटा जारी कर दिया जावेगा। इस संबंध में न्यास किसी भी विवाद के लिए जिम्मेवार नहीं होगा।

RajKaj Ref No.: 19254588 -सचिव,नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर।

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 20/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 12 किला नं. 2 के भूखण्ड संख्या 36 क्षेत्रफल 35'-0'' गुणा 75'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 18117 दिनांक 18.01.2023 द्वारा श्रीमती पुष्पा मित्तल पत्नी श्री आनन्द प्रकाश मित्तल एवं श्री आनन्द प्रकाश मित्तल पुत्र श्री गोपीराम निवासी 7-सी-15, 16 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर** के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त प्रश्नगत भूखण्ड का श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय एवं जोनल प्लान में प्रस्तावित भू-उपयोग सड़क के सहारे-सहारे सड़क चौड़ाई का 1.5 गुणा मिश्रित पट्टी हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि)/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधियों की तालिका सं. 10 के अनुसार मास्टर प्लान/जोनल प्लान में 18 मीटर व उससे अधिक चौड़ाई की सड़कों के दोनों ओर सड़क की चौड़ाई का 1.5 गुणा तक मिश्रित भू-उपयोग सीधे ही अनुमत है। राजस्थान सरकार नगरीय विकास एवं आवासन विभाग, जयपुर द्वारा भू-उपयोग परिवर्तन नियम, 2010, अधिसूचना दिनांक 28.10.2010, दिनांक 24.02.2021, दिनांक 06.11.2024 एवं अधिसूचना दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविधिया (Development Promotion & Control Regulations) के अनुसार पट्टे/लीजडीड में उल्लेखित उपयोग से चाहा गया परिवर्तित उपयोग दोनों ही मास्टर प्लान/ जोनल डवलपमेंट प्लान के भू-उपयोग में (DPCR) के अनुसार अनुज्ञेय (परमिटेड) उपयोग में आने एवं तकनीकी मापदण्ड पूर्ण होने के कारण विभागीय अधिसूचनाओं के तहत भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही न्यास कार्यालय में विचाराधीन है। उपरोक्त वर्णित आवासीय भूखण्ड संख्या 36 क्षेत्रफल माप 35'-0'' गुणा 75'-0'' फीट का आवासीय रूपान्तरित से मिश्रित (वाणिज्यिक) प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन बाबत किसी को कोई आपत्ति हो तो वह समाचार पत्र में प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में मय दस्तावेज सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर को कार्यालय समय में प्रस्तुत कर सकते है। 15 दिवस के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जावेगा। **- सचिव, नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर**

कार्यालय नगर विकास न्यास, श्रीगंगानगर (राज.)

क्रमांक:- नियोजन/2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक : 20/12/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि **चक 6 ई छोटी मुरब्बा नं. 12 किला नं. 2 के भूखण्ड संख्या 37 क्षेत्रफल 35'-0'' गुणा 75'-0'' फीट का आवासीय फ्री होल्ड पट्टा संख्या 18119 दिनांक 18.01.2023 द्वारा श्रीमती पुष्पा मित्तल पत्नी श्री आनन्द प्रकाश मित्तल निवासी 7-सी-15, 16 जवाहरनगर, श्रीगंगानगर** के नाम से जारी है। आवेदक द्वारा उक्त भूखण्ड का आवासीय से वाणिज्यिक भू-उपयोग परिवर्तन किये जाने हेतु न्यास कार्यालय में आवेदन किया है। उक्त प्रश्नगत भूखण्ड का श्रीगंगानगर मास्टर प्लान वर्ष 2017-2035 में प्रस्तावित भू-उपयोग आवासीय एवं जोनल प्लान में प्रस्तावित भू-उपयोग सड़क के सहारे-सहारे सड़क चौड़ाई का 1.5 गुणा मिश्रित पट्टी हेतु आरक्षित है। नगरीय विकास एवं आवासन विभाग जयपुर की अधिसूचना क्रमांक प. 11 (8) नविवि)/2020 दिनांक 14.10.2024 द्वारा जारी विकास प्रोत्साहन एवं नियंत्रण उपविध